कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23.08.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
एंटी रैगिंग सप्ताह आयोजित

शास डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एंटी रैगिंग सप्ताह के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगितायें आयोजित की गयी।

महाविद्यालय सत्र प्रारंभ के अवसर आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं को रैगिंग के दुष्परिणाम एवं दण्ड प्रक्रिया संबंधी जानकारी दी। एंटी रैगिंग समिति के संयोजक डॉ. अनिल कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के एंटी रैगिंग संबंधी चलचित्र का प्रदर्शन छात्राओं के लिए किए गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता की। एंटी रैगिंग के लिए निर्धारित शपथ छात्राओं को दिलाई गयी।

इस अवसर पर पोस्टर बनाओं एवं स्लोगन लिखो प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें श्रेष्ठ 30 पोस्टर एवं 12 स्लोगन कला प्रदर्शनी में लगाए गए तथा पुरस्कृत किए गए। कार्यक्रम में सहभागिता रखने वाली छात्राओं एवं स्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. ऋचा ठाकुर तथा समिति के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभायी।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में
एंटी रैगिंग सप्ताह आयोजित